राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०) उ०प्र०
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांकः 413/241/NULM/तीन/2001(MIS) दिनांकः 30-06-17

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   उत्तर प्रदेश,
2. समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबंधन इकाई,
   उत्तर प्रदेश,

विषयः **दीनदयाल अन्त्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अंतर्गत समस्त घटकों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति हेतु MPR एवं MIS में भिन्नता के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अंतर्गत समस्त घटकों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति हेतु MPR में समस्त घटकों की प्रत्येक माह की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति CMMU/DUDA द्वारा प्रत्येक माह भारत सरकार के ON-LINE MIS PORTAL के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना प्रावधानित है। माह जून 2017 की दिनांक 12, 14, 15 एवं 16 को SUDA मुख्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठकों में समस्त शहरों को निर्देशित किया गया था कि जिन शहरों की (वित्तीय वर्ष 2016–17 एवं 2017–18) MPR एवं MIS के आंकड़ों में भिन्नता हो वो उसे तत्काल पूर्ण कर लें, किन्तु MIS पर रिपोर्ट्स का अवलोकन करने पर MPR एवं MIS में भिन्नता अभी भी परिलक्षित हो रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2016–17 की शेष प्रविष्टियों को MIS पर एक सप्ताह में पूर्ण करवाना तथा साथ ही वित्तीय वर्ष 2017–18 के प्रथम तिमाही तक सभी शहरों की MPR का डाटा पूर्ण रूप से MIS पर अंकित भी करवाना सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें। यदि उपरोक्त अवधि के बाद भी MPR एव MIS में भिन्नता पायी जाती है तो सम्बंधित का उत्तरदायित्व भी निर्धारित करने का कष्ट करें।

कृपया उपरोक्त को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी को तत्काल उपरोक्त का अनुपालनार्थ।
2. समस्त शहर मिशन प्रबंधक, शहर मिशन प्रबंधन इकाई को इस निर्देश के साथ कि उक्त का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करें।
3. सहायक वेब मास्टर, सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक